प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2026
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा – 2026

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION PAPER

COMMERCE (Optional)

वाणिज्य (ऐच्छिक)

**प्रश्न पुस्तिका सेट कोड**
**Question Booklet Set Code**

विषय कोड :
Subject Code : **115**

कुल प्रश्न : 100 + 30 + 8 = 138
Total Questions : 100 + 30 +8 = 138

कुल मुद्रित पृष्ठ : 37
Total Printed Pages : 37

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)
[Full Marks : 100]

---

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश / Instructions for the candidates :**

1- परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
Candidates must enter his/her their Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.

2- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

3- दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
Figures in the right-hand margin indicate full marks.

4- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
An extra time of 15 minutes has been allotted to read the questions carefully.

5- यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभक्त है – खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
This question booklet is divided into two sections – Section-A and Section-B.

6- खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ/ ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

StudyRaw.Com

In Section – A, there are 100 objective type questions, out of which any 50 questions are to be answered. First 50 answers will be evaluated in case more than 50 questions are answered. Each question carries 1 mark. For answering these darken the circle with blue/black ball pen on the OMR Answer sheet. Do not use whitener/liquid/ blade/ nail etc. on the OMR sheet, otherwise the result will be treated invalid.

7- खण्ड–ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। इनके अतिरिक्त, इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

In Section-B, there are 30 Short Answer Type Questions, out of which any 15 questions are to be answered. Each question carries 2 marks. Apart from these, there are 8 long answer type questions, out of which any 4 questions are to be answered. Each question carries 5 marks.

8- किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

## खण्ड – अ / SECTION-A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

50 x 1 = 50

Question Nos. 1 to 100 have four options, out of which only one is correct, Answer any 50 questions. You have to mark your selected option on the OMR Sheet. 50 x 1 = 50

1- पुस्तपालन का अर्थ है –

(A) पुस्तकों को रखना (B) व्यावसायिक–पत्रों को लिखना

(C) पुस्तकों में व्यावसायिक लेन–देनों को लिखना

(D) इनमें से सभी

Book-Keeping means -

(A) Keeping Books (B) Writing Commercial letters

(C) Recording of business transactions in the books

(D) All of these

StudyRaw.Com

2- लेखांकन का कार्य आरम्भ होता है –

(A) जहाँ पुस्तपालन का कार्य प्रारम्भ होता है। (B) जहाँ पुस्तपालन का कार्य समाप्त होता है।

(C) जहाँ पुस्तकें रखी ही नहीं जाती हैं। (D) इनमें से कोई नहीं

Accounting works starts

(A) Where Book-Keeping works begins. (B) Where Book-Keeping works ends.

(C) Where Books are not maintained at all. (D) None of these

3- निम्नलिखित में से कौन लेखांकन सुचनाओं के आंतरिक उपयोगकर्ता है ?

(A) लेनदार (B) प्रबंधक

(C) ऋणदाता (D) जनता

Who among the following is an internal user of accounting information?

(A) Creditor (B) Manager

(C) Lenders (D) Public

4- स्थायी सम्पत्तियों में सम्मिलित है

(A) अन्तिम रहतिया (B) देनदार

(C) फर्नीचर (D) प्राप्य विपत्र

The term fixed assets include

(A) Closing Stock (B) Debtors

(C) Furniture (D) Bills Receivable

5- अमूर्त सम्पत्ति है

(A) रोकड़ (B) ख्याति

(C) स्टॉक (D) भूमि

StudyRaw.Com

Intangible Asset is

(A) Cash | (B) Goodwill

(C) Stock | (D) Land

6- चालू दायित्व में शामिल है

(A) लेनदार | (B) अदत्त व्यय

(C) देय विपत्र | (D) इनमें से सभी

Current liabilities include

(A) Creditors | (B) Outstanding expenses

(C) Bills Payable | (D) All of these

7- मारूति कार है

(A) चालू सम्पत्ति | (B) मूर्त सम्पत्ति

(C) अमूर्त सम्पत्ति | (D) इनमें से कोई नहीं

Maruti Car is

(A) Current asset | (B) Tangible asset

(C) Intangible asset | (D) None of these

8- ऐसा खर्च जिसका सम्पूर्ण लाभ एक लेखांकन अवधि में ही प्राप्य हो जाता है, कहलाता है

(A) चालू सम्पत्ति | (B) चालू दायित्व

(C) आयगत व्यय | (D) पूँजीगत व्यय

Any expenditure whose entire benefit is received in one accounting period itself is called

(A) Current asset | (B) Current liability

(C) Revenue expenditure | (D) Capital expenditure

StudyRaw.Com

9- निम्नलिखित में से किसको आहरण माना जाएगा ?

(A) कर्मचारियों को वेतन देने के लिए राशि निकालना

(B) लेनदारों को भुगतान करने के लिए राशि निकालना

(C) निजी खर्चों के लिए व्यवसाय से राशि निकालना

(D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following will be treated as drawings?

(A) Withdrawing money for payment of salary, to employees

(B) Withdrawing money for payment to creditors

(C) Withdrawing money from business for private expenses

(D) None of these

10- लेखांकन प्रमापों का पालन करना अनिवार्य है

(A) एकाकी व्यापारियों के लिए (B) साझेदारी फर्मों के लिए

(C) कम्पनियों के लिए (D) इनमें से सभी के लिए

Adopting of Accounting standards is mandatory for

(A) Sole Traders (B) Partnership Firms

(C) Companies (D) All of these

11- निम्नलिखित में से कौन दोहरा लेखांकन प्रणाली की विशेषता है ?

(A) दो पक्षों का होना (B) एक पक्ष का होना

(C) एक ही पुस्तक में दो खतौनी (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is feature of Double Entry System?

(A) Double Aspect (B) One Aspect

(C) Two Posting in only one book (D) None of these

StudyRaw.Com

12- अव्यक्तिगत खातों को वर्गीकृत किया जाता है

(A) दो भागों में

(B) तीन भागों में

(C) चार भागों में

(D) इनमें से कोई नहीं

Impersonal accounts are classified into

(A) Two parts

(B) Three parts

(C) Four parts

(D) None of these

13- लेखांकन प्रक्रिया है

(A) लेखांकन चक्र

(B) लेखांकन दर्पण

(C) लेखांकन रोकड़

(D) इनमें से कोई नहीं

Accounting process is

(A) Accounting cycle

(B) Accounting mirror

(C) Accounting cash

(D) None of these

14- प्रमाणक है –

(A) लिखित साक्ष्य

(B) मौखिक साक्ष्य

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

Voucher is

(A) Written evidence

(B) Oral evidence

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

15- निम्नलिखित में से कौन स्रोत प्रलेख हैं ?

(A) कैश मेमो

(B) बीजक

(C) जमा पर्ची

(D) इनमें से सभी

StudyRaw.Com

Which of the following is/are source document(s)?

(A) Cash Memo (B) Invoice

(C) Pay-in Slip (D) All of these

16- निम्नलिखित में से कौन वास्तविक खाता है ?

(A) वेतन खाता (B) देनदार खाता

(C) स्टॉक खाता (D) अदत व्यय खाता

Which of the following is Real Account?

(A) Salary A/c (B) Debtor's A/c

(C) Stock A/c (D) Outstanding expenses A/c

17- "व्ययों एवं हानियों को डेबिट करें तथा आयों एवं लाभों को क्रेडिट करें" का नियम लागू होता है

(A) व्यक्तिगत खातों पर (B) वास्तविक खातों पर

(C) नाममात्र खातों पर (D) इनमें से सभी पर

Rule of "Debit all expenses and losses and Credit all incomes and gains" applies to

(A) Personal Accounts (B) Real Accounts

(C) Nominal Accounts (D) All of these

18- रवि से नकद खरीदा गया माल क्रेडिट किया जायेगा

(A) क्रय खाता (B) रवि का खाता

(C) नकद खाता (D) माल खाता

Purchase of goods from Ravi for cash will be credited to -

(A) Purchase A/c (B) Ravi's A/c

(C) Cash A/c (D) Goods A/c

StudyRaw.Com

19- स्वामी द्वारा निजी प्रयोग के लिए व्यवसाय से लिया गया माल है

(A) पूँजी (B) आहरण

(C) सम्पत्ति (D) दायित्व

Goods taken by proprietor for personal use from business is called

(A) Capital (B) Drawings

(C) Asset (D) Liability

20- लेखा पुस्तकों में प्रविष्टि नहीं की जाती है

(A) व्यापारिक कटौती की (B) नकद कटौती की

(C) कटौती दी (D) कटौती प्राप्त की

No entry is made in the books of accounts of

(A) Trade discount (B) Cash discount

(C) Discount allowed (D) Discount received

21- जब एक फर्म रोकड़ बही बनाती है तो इसे बनाने की आवश्यकता नहीं होती

(A) विक्रय बही (B) क्रय बही

(C) रोजनामचा विशेष (D) खाता बही में रोकड़ एवं बैंक खाते

When a firm maintains a cash book, it need not maintain

(A) Sales Book (B) Purchase Book

(C) Journal Proper (D) Cash and Bank Accounts in Ledger

22- उधार लेन–देनों का रोकड़ बही में लेखांकन किया जाता है

(A) डेबिट में (B) क्रेडिट में

(C) डेबिट में या क्रेडिट में (D) न डेबिट में न क्रेडिट में

StudyRaw.Com

Credit transactions are recorded in the cash book

(A) In Debit (B) In Credit

(C) In Debit or in credit (D) Neither in Debit nor in Credit

23- उधार क्रय

(A) सम्पत्तियों को बढ़ाता है (B) दायित्वों को बढ़ाता है

(C) (A) एवं (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Credit purchases

(A) Increase in assets (B) Increase in liabilities

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

24- एक व्यवसाय की पूँजी ₹7,50,000 है और दायित्व ₹2,50,000 है, तो व्यवसाय की कुल परिसम्पत्तियाँ होगी

(A) ₹10,00,000 (B) ₹5,00,000

(C) ₹7,50,000 (D) ₹15,00,000

Capital of business is ₹7,50,000 and liability is ₹2,50,000 then total assets of the business would be

(A) ₹10,00,000 (B) ₹5,00,000

(C) ₹7,50,000 (D) ₹15,00,000

25- "जो आता है, उसे डेबिट और जो जाता है, उसे क्रेडिट" का नियम लागू होता है –

(A) व्यक्तिगत खातों पर (B) वास्तविक खातों पर

(C) नाममात्र खातों पर (D) इनमें से कोई नहीं

StudyRaw.Com

Rule of "Debit what comes in and Credit what goes out" applies to

(A) Personal Accounts (B) Real Accounts

(C) Nominal Accounts (D) None of these

26- वेतन खाता सम्बन्धित है

(A) व्यक्तिगत खाता से (B) वास्तविक खाता से

(C) नाममात्र खाता से (D) पूँजी खाता से

Salary A/c is related to

(A) Personal A/c (B) Real A/c

(C) Nominal A/c (D) Capital A/c

27- निम्नलिखित में से किसको व्यवसाय की "प्रधान बही" के रूप में जानते है ?

(A) रोजनामचा (B) तलपट

(C) खाता बही (D) क्रय बही

Which of the following is known as, "Principal Book" of Business?

(A) Journal (B) Trial Balance

(C) Ledger (D) Purchase Book

28- J.F. का पूर्ण रूप है

(A) जर्नल फाइल (B) जर्नल फोलियो

(C) ज्वाइंट फाइल (D) इनमें से कोई नहीं

Full form of J.F. is

(A) Journal File (B) Journal Folio

(C) Joint File (D) None of these

StudyRaw.Com

29- खातों के दायें पक्ष को क्या कहते हैं ?

(A) डेबिट पक्ष
(B) क्रेडिट पक्ष
(C) (A) एवं (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

What is the right side of the accounts called?

(A) Debit side
(B) Credit side
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

30- छोटे और फुटकर भुगतानों को जिस पुस्तक में लिखा जाता है उसे कहा जाता है

(A) रोकड़ बही
(B) क्रय बही
(C) खुदरा रोकड़ बही
(D) विक्रय बही

The book in which small and petty payments are recorded is called

(A) Cash Book
(B) Purchase Book
(C) Petty Cash Book
(D) Sales Book

31- विक्रय बही में लेखा किया जाता है

(A) सभी उधार विक्रय
(B) माल का उधार विक्रय
(C) सम्पत्ति का उधार विक्रय
(D) सभी उधार एवं नकद विक्रय

Sales book is used to record

(A) All credit sales
(B) Credit sale of goods
(C) Credit sale of asset
(D) All credit and cash sales

32- क्रय बही भाग होती है

(A) रोजनामचे का
(B) खाता बही का
(C) व्यापारिक खाते का
(D) आर्थिक चिट्ठा का

StudyRaw.Com

Purchases book is a part of

(A) Journal (B) Ledger

(C) Trading Account (D) Balance Sheet

33- खाता बही होती है

(A) प्रधान बही (B) सहायक बही

(C) रोकड़ बही (D) क्रय बही

A Ledger is a

(A) Principal Book (B) Subsidiary Book

(C) Cash Book (D) Purchase Book

34- एक व्यवसाय में कुल सम्पत्ति ₹8,00,000 तथा कुल दायित्व ₹5,00,000 हैं, तो अन्तर को कहा जाएगा

(A) आय (B) पूँजी

(C) व्यय (D) ख्याति

Total asset in a business are Rs. 8,00,000 and total liability are Rs. 5,00,000. Then the difference is called -

(A) Income (B) Capital

(C) Expenses (D) Goodwill

35- तलपट है

(A) वास्तविक खाता (B) नाममात्र खाता

(C) शेषों की सूची (D) व्यक्तिगत खाता

StudyRaw.Com

Trial Balance is

(A) Real Account (B) Nominal Account

(C) List of Balances (D) Personal Account

36- ऐसी अशुद्धियाँ जो एक दुसरे के प्रभाव को समाप्त कर देती है, कही जाती हैं

(A) सिद्धान्त की अशुद्धि (B) भूल जाने वाली अशुद्धि

(C) क्षतिपूरक अशुद्धि (D) हिसाब की अशुद्धि

Errors which nullify the effects of each other, are called

(A) Error of principle (B) Error of omission

(C) Compensating Error (D) Error of Commission

37- निम्नलिखित में कौन मद तलपट के डेबिट में दिखाई जाती है ?

(A) कमीशन प्राप्ति खाता (B) बैंक अधिविकर्ष खाता

(C) देय विपत्र खाता (D) प्राप्य विपत्र खाता

Which of the following items is shown on the Debit side of Trial Balance?

(A) Commission Received A/c (B) Bank Overdraft A/c

(C) Bills Payable A/c (D) Bills Receivable A/c

38- जब तलपट का मिलान नहीं होता तो अन्तर की राशि को हस्तांतरित किया जाता है

(A) पूँजी खाते में (B) आहरण खाते में

(C) उचन्ती खाते में (D) लाभ–हानि खाते में

When the Trial Balance does not agree, the difference is transferred to

(A) Capital A/c (B) Drawings A/c

(C) Suspense A/c (D) Profit & Loss A/c

StudyRaw.Com

39- विनिमय बिल है

(A) एक प्रार्थना
(B) एक प्रतिज्ञा
(C) एक आदेश
(D) इनमें से कोई नहीं

A Bill of Exchange is

(A) A request
(B) A promise
(C) An order
(D) None of these

40- विनिमय बिल किसके द्वारा लिखा जाता है ?

(A) देनदार द्वारा
(B) लेनदार द्वारा
(C) बैंक द्वारा
(D) इनमें से कोई नहीं

Bill of Exchange is drawn by whom?

(A) Debtor
(B) Creditor
(C) Bank
(D) None of these

41- एक विनिमय बिल में कितने पक्ष होते हैं ?

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 1

How many partie(s) is/are there to a bill of exchange?

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 1

42- निम्नलिखित में से कौन अंतिम खातों का हिस्सा नहीं है ?

(A) व्यापारिक खाता
(B) लाभ–हानि खाता
(C) आर्थिक चिट्ठा
(D) खाता बही



StudyRaw.Com

Which of the following is not a part of final accounts?

(A) Trading Account (B) Profit & Loss Account

(C) Balance Sheet (D) Ledger

43- व्यापारिक खाता को तैयार करने का मुख्य उद्देश्य है –

(A) शुद्ध लाभ / हानि का पता लगाना (B) सकल लाभ/हानि का पता लगाना

(C) कुल सम्पत्ति का पता लगाना (D) पूँजी का पता लगाना

The main purpose of preparing a Trading Account is to find -

(A) Net Profit /Loss (B) Gross Profit/Loss

(C) Total Asset (D) Capital

44- निम्नलिखित में से कौन आर्थिक चिट्ठा में दायित्व है ?

(A) देनदार (B) लेनदार

(C) स्टॉक (D) फर्नीचर

Which of the following is a liability in the Balance Sheet?

(A) Debtors (B) Creditors

(C) Stock (D) Furniture

45- वेतन और मजदूरी को दर्शाया जाएगा

(A) व्यापारिक खाता में (B) लाभ–हानि खाता में

(C) आर्थिक चिट्ठा में (D) इनमें से कोई नहीं

Salary and wages will be shown in

(A) Trading Account (B) Profit & Loss Account

(C) Balance Sheet (D) None of these

StudyRaw.Com

46- ह्रास लगाया जाता है

(A) चालू सम्पति पर
(B) स्थायी सम्पति पर
(C) चालू दायित्व पर
(D) इनमें से कोई नहीं

Depreciation is charged on

(A) Current asset
(B) Fixed asset
(C) Current liability
(D) None of these

47- एक ग्राहक द्वारा वापस किए गए माल को निम्नलिखित में से किस खाते में नाम(Dr.) किया जायेगा ?

(A) रोकड़ खाता
(B) क्रय वापसी खाता
(C) विक्रय वापसी खाता
(D) इनमें से कोई नहीं

Goods returned by a customer will be debited to which of the following accounts?

(A) Cash A/c
(B) Purchase Returns A/c
(C) Sales Returns A/c
(D) None of these

48- यदि विक्रय पर सकल लाभ की दर 20% हो और वस्तु का विक्रय मुल्य ₹ 2,20,000 हो तो सकल लाभ की राशि होगी

(A) ₹ 44,000
(B) ₹ 22,000
(C) ₹ 20,000
(D) इनमें से कोई नहीं

If rate of gross profit is 20% on sales and sale price of commodity is ₹ 2,20,000 then the amount of gross profit will be

(A) ₹ 44,000
(B) ₹ 22,000
(C) ₹ 20,000
(D) None of these

StudyRaw.Com

49- वह राशि जो व्यवसाय को अन्य पक्षों को देनी होती है, कहलाती है

(A) पूँजी (B) लाभ

(C) सम्पति (D) दायित्व

The amount which the firm has to pay other parties is known as

(A) Capital (B) Profit

(C) Asset (D) Liability

50- ₹5,000 का नकद माल सोहन को बेचा। इस लेन–देन में कौन सा खाता डेबिट किया गया है?

(A) रोकड़ खाता (B) विक्रय खाता

(C) सोहन का खाता (D) इनमें से कोई नहीं

Sold goods to Sohan for cash ₹5,000. Which account is debited in this transaction?

(A) Cash A/c (B) Sales A/c

(C) Sohan's A/c (D) None of these

51- 89.082 का मान एक दशमलव स्थान के सन्निकट है

(A) 89.0 (B) 89.1

(C) 89.8 (D) 89.08

The value of 89.082 correct to one place of decimal is

(A) 89.0 (B) 89.1

(C) 89.8 (D) 89.08

52- 593.607 का मान पूर्णांक के सन्निकट है

(A) 593 (B) 594

(C) 593.607 (D) इनमें से कोई नहीं

StudyRaw.Com

The value of 593.607 correct to the nearest integer -

(A) 593 (B) 594

(C) 593.607 (D) None of these

53- 5.6 × 0.00782 का मानक रूप होगा

(A) 0.0056 × 7.82 (B) 5.6 × 0.782

(C) 56.6 × 0.0782 (D) 566 × 7.82

The standard form of 5.6 × 0.00782 will be

(A) 0.0056 × 7.82 (B) 5.6 ×0.782

(C) 56.6 × 0.0782 (D) 566 × 7.82

54- निम्नलिखित में कौन अनुपात उतना ही है जितना कि 5 : 6 ?

(A) 250 : 350 (B) 250 : 300

(C) 150 : 200 (D) 200 : 180

Which one of the following ratio is the same as 5 : 6 ?

(A) 250 : 350 (B) 250 : 300

(C) 150 : 200 (D) 200 : 180

55- 22.856 किलोग्राम बराबर होता है

(A) 228.56 ग्राम (B) 2285.6 ग्राम

(C) 22856 ग्राम (D) 1.2856 ग्राम

22.856 kilogram is equal to

(A) 228.56 gram (B) 2285.6 gram

(C) 22856 gram (D) 1.2856 gram

StudyRaw.Com

56- 224 और 1584 का न्यूनतम अनुपात है

(A) 28 : 198 (B) 14 : 99

(C) 1 : 7 (D) 2 : 14

The minimum ratio of 224 and 1584 is

(A) 28 : 198 (B) 14 : 99

(C) 1 : 7 (D) 2 : 14

57- 90 सेकेण्ड एवं 1 घण्टा का अनुपात है

(A) 90 : 1 (B) 1 : 90

(C) 1 : 40 (D) 40 : 1

The ratio between 90 second and 1 hour is

(A) 90 : 1 (B) 1 : 90

(C) 1 : 40 (D) 40 : 1

58- यदि $x : \frac{2}{7} = \frac{7}{8} : \frac{3}{4}$ तब $x$ का मान है

(A) 2 (B) 3

(C) $\frac{1}{3}$ (D) $\frac{4}{7}$

If $x : \frac{2}{7} = \frac{7}{8} : \frac{3}{4}$ then the value of $x$ is

(A) 2 (B) 3

(C) $\frac{1}{3}$ (D) $\frac{4}{7}$

StudyRaw.Com

59- 10 पेन्सिल का मूल्य ₹45 है तो 10 दर्जन पेन्सिलों का मूल्य होगा

(A) ₹450
(B) ₹540
(C) ₹4500
(D) ₹504

If the price of 10 pencils is ₹45 then the price of 10 dozen pencils will be

(A) ₹450
(B) ₹540
(C) ₹4500
(D) ₹504

60- वह तालिका जिसमें एक से लेकर नौ वस्तुओं की कीमत दी हुई रहे, कहलाती है

(A) नौ तालिका
(B) आवृत्ति तालिका
(C) तुलनात्मक तालिका
(D) नवापवर्त्य तालिका

The table showing the value of articles from one to nine is called -

(A) Nine Table
(B) Frequency Table
(C) Comparative Table
(D) Table of Nine Value

61- जापान की मुद्रा है

(A) फ्रैंक
(B) येन
(C) डॉलर
(D) पौंड

The currency of Japan is

(A) Franc
(B) Yen
(C) Dollar
(D) Pound

62- $8\frac{1}{3}\%$ का भिन्न रूप है

(A) $\frac{25}{3}$
(B) $\frac{3}{25}$
(C) $\frac{1}{12}$
(D) $\frac{1}{4}$

StudyRaw.Com

Fraction form of $8\frac{1}{3}\%$ is

(A) $\frac{25}{3}$ (B) $\frac{3}{25}$

(C) $\frac{1}{12}$ (D) $\frac{1}{4}$

63- 5 ग्राम, 1 किलाग्राम का कितना प्रतिशत है ?

(A) 5% (B) 0.5%

(C) 50% (D) 100%

What percent is 5 gram of 1 Kilogram?

(A) 5% (B) 0.5%

(C) 50% (D) 100%

64- एक व्यापारी 10% बट्टा देता है। यदि कोई व्यापारी ₹5000 का माल खरीदे तो बट्टा होगा

(A) ₹50 (B) ₹500

(C) ₹5 (D) ₹200

A trader allows 10% discount. If a trader purchases goods worth ₹5000 then discount will be

(A) ₹50 (B) ₹500

(C) ₹5 (D) ₹200

65- 10% तथा 5% की दो क्रमागत छूट कितने प्रतिशत के बराबर है ?

(A) 13.5% (B) 15%

(C) 16.5% (D) 14.5%

StudyRaw.Com

What percent is equal to two successive discount of 10% and 5%?

(A) 13.5% (B) 15%

(C) 16.5% (D) 14.5%

66- ₹40,000 पर 4% वार्षिक की दर से 4 वर्षों में साधारण ब्याज है

(A) ₹6,200 (B) ₹6,400

(C) ₹6,600 (D) ₹640

The simple interest on ₹40,000 @4% p.a. in 4 years is

(A) ₹6,200 (B) ₹6,400

(C) ₹6,600 (D) ₹640

67- साधारण ब्याज का सूत्र है

(A) $\frac{A\times R\times T}{100}$ (B) $\frac{P\times R\times T}{100}$

(C) $\frac{I\times 100}{P\times R}$ (D) $\frac{I\times 100}{P\times T}$

The formula of simple interest is

(A) $\frac{A\times R\times T}{100}$ (B) $\frac{P\times R\times T}{100}$

(C) $\frac{I\times 100}{P\times R}$ (D) $\frac{I\times 100}{P\times T}$

68- यदि 5% वार्षिक पर 6 वर्षों के लिए कुल ब्याज ₹123 है तो मूलधन है

(A) ₹1,400 (B) ₹310

(C) ₹410 (D) ₹1,230

StudyRaw.Com

If total interest is ₹123 at 5% p.a. for 6 years, then principal is

(A) ₹1,400 (B) ₹310

(C) ₹410 (D) ₹1,230

69- यदि विद्यालय में छात्रों की संख्या 60% है, यदि छात्राओं की संख्या 520 है तो छात्रों की संख्या होगी

(A) 780 (B) 680

(C) 1040 (D) 480

If 60% of the students in a school are boys and the number of girls is 520, then the number of boys will be

(A) 780 (B) 680

(C) 1040 (D) 480

70- (3,000 का 50%) का 5% है

(A) 7.50 (B) 75

(C) 750 (D) 1500

5% of (50% of 3,000) is

(A) 7.50 (B) 75

(C) 750 (D) 1500

71- एक वस्तु को ₹390 में बेचने पर 20% का लाभ होता है, तो वस्तु का क्रय मूल्य रहा होगा

(A) ₹350 (B) ₹325

(C) ₹340 (D) ₹300

By selling an article for ₹390 at a profit of 20%, then the purchase price of an article will be

(A) ₹350 (B) ₹325

(C) ₹340 (D) ₹300



StudyRaw.Com

72- एक ऐजेन्ट 10% साधारण कमीशन पर ₹8,000 का माल बिकवाता है तो कमीशन की राशि होगी

(A) ₹80 (B) ₹800

(C) ₹850 (D) ₹100

An agent sold goods of ₹8,000 at 10% simple commission, then the amount of commission will be

(A) ₹80 (B) ₹800

(C) ₹850 (D) ₹100

73- 2 मील में कितना गज होगा ?

(A) 3115 (B) 3520

(C) 1760 (D) इनमें से कोई नहीं

How many yards will be in 2 miles?

(A) 3115 (B) 3520

(C) 1760 (D) None of these

74- विक्रय मूल्य बराबर है

(A) क्रय मूल्य + लाभ% (B) क्रय मूल्य + हानि%

(C) क्रय मूल्य + लाभ (D) इनमें से कोई नहीं

Selling price is equal to

(A) Purchase price+ Profit% (B) Purchase price+ Loss%

(C) Purchase price+ Profit (D) None of these

StudyRaw.Com

75- 120 संतरा बेचने से एक फल विक्रेता को 20 संतरा के मूल्य के बराबर लाभ होता है। उसे कितने प्रतिशत का लाभ हुआ ?

(A) 8% (B) 20%

(C) $12\frac{1}{2}\%$ (D) इनमें से कोई नहीं

By selling 120 oranges a fruit seller gains equal to the price of 20 oranges. what percentage profit did he make?

(A) 8% (B) 20%

(C) $12\frac{1}{2}\%$ (D) None of these

76- प्रत्येक व्यक्ति को जीविकोपार्जन के लिए किस क्रिया को करना पड़ता है ?

(A) आर्थिक (B) अनार्थिक

(C) आर्थिक एवं अनार्थिक दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Every person has to do which activity for his livelihood?

(A) Economic (B) Non-economic

(C) Both economic and non-economic (D) None of these

77- विस्तृत रूप में, आर्थिक क्रियाओं को बाँटा जा सकता है

(A) व्यवसाय (B) रोजगार

(C) पेशा (D) इनमें से सभी

In broader sense, economic activities may be divided into

(A) Business (B) Employment

(C) Profession (D) All of these

78- व्यवसाय का उद्देश्य है

(A) लाभ कमाना (B) सेवा प्रदान करना

(C) (A) एवं (B) दोनों (D) कर चोरी



StudyRaw.Com

Purpose of business is

(A) To earn profit
(B) To provide service
(C) Both (A) and (B)
(D) Tax evasion

79- व्यापार अंग है

(A) उद्योग का
(B) वाणिज्य का
(C) बैंक का
(D) इनमें से कोई नहीं

Trade is the part of

(A) Industry
(B) Commerce
(C) Bank
(D) None of these

80- "लाभ का बंटवारा नहीं किया जाता।" यह कथन संदर्भित करता है

(A) एकाकी स्वामित्व को
(B) साझेदारी को
(C) कम्पनी को
(D) संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय को

"Profit is not to be shared". This statement refers to

(A) Sole Proprietorship
(B) Partnership
(C) Company
(D) Joint Hindu Family Business

81- निम्नलिखित में से किसे व्यापार की सहायक की श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता ?

(A) बीमा
(B) खनन
(C) भण्डारण
(D) यातायात

Which of the following cannot be classified as an auxiliary to trade?

(A) Insurance
(B) Mining
(C) Warehousing
(D) Transport

StudyRaw.Com

82- निम्नलिखित में से कौन एकाकी व्यापार की मुख्य विशेषता है ?

(A) एक व्यक्ति का मालिक होना
(B) दो व्यक्तियों का मालिक होना
(C) तीन व्यक्तियों का मालिक होना
(D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the main feature of sole trading business?

(A) Owner is single person
(B) Owner is two persons
(C) Owner is three persons
(D) None of these

83- निम्नलिखित में से कौन एकाकी व्यापार का लाभ नहीं है ?

(A) शीघ्र निर्णय
(B) असीमित दायित्व
(C) स्थापना में सुगमता
(D) व्यक्तिगत नियंत्रण

Which of the following is not the advantage of sole trade?

(A) Quick decision
(B) Unlimited liability
(C) Easy in formation
(D) Personal control

84- सामान्य व्यवसाय के लिए फर्म में साझेदारों की अधिकतम संख्या है

(A) 5
(B) 20
(C) 50
(D) 100

The maximum number of partners in a firm for a general business is

(A) 5
(B) 20
(C) 50
(D) 100

85- एक साझेदारी संलेख

(A) एक लिखित कानूनी दस्तावेज है
(B) एक मौखिक समझौता है
(C) कानूनी तौर पर लागू नहीं किया जा सकता है
(D) (A) एवं (B) दोनों

A partnership deed is

(A) A written legal document
(B) A verbal understanding
(C) Not enforceable by Law
(D) Both (A) and (B)

86- हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम बनाया गया

(A) 1856 में
(B) 1947 में
(C) 1956 में
(D) 1990 में

Hindu Succession Law was formed in

(A) 1856
(B) 1947
(C) 1956
(D) 1990

87- साझेदारी संलेख के आभाव में साझेदारों के अधिकार एवं कर्तव्य निर्धारित होते हैं

(A) साझेदारों के द्वारा
(B) साझेदारी अधिनियम के अनुसार
(C) आपसी सहमति से
(D) न्यायालय के द्वारा

In the absence of partnership deed the rights and duties of partners are determined

(A) By partners
(B) According to Partnership Act
(C) By mutual consent
(D) By Court

88- सहकारी समिति का पंजीयन कराना है

(A) आवश्यक
(B) अनिवार्य
(C) ऐच्छिक
(D) अनावश्यक

Registration of co-operative society is

(A) Necessary
(B) Compulsory
(C) Optional
(D) Unnecessary

StudyRaw.Com

89- कम्पनी की पूँजी विभिन्न संख्याओं में विभक्त होती है जिनमें प्रत्येक कहलाता है

(A) ब्याज
(B) ऋणपत्र
(C) अंश
(D) लाभांश

The capital of a company is divided into number of parts each one of which is called

(A) Interest
(B) Debenture
(C) Share
(D) Dividend

90- एक सार्वजनिक कम्पनी में सदस्यों की न्यूनतम संख्या होती है

(A) 2
(B) 7
(C) 50
(D) असीमित

The minimum number of members in a public company is

(A) 2
(B) 7
(C) 50
(D) Unlimited

91- वाणिज्यिक बैंक के कार्यों में शामिल है

(A) जमाएँ स्वीकार करना
(B) ऋण प्रदान करना
(C) लॉकर सुविधा
(D) इनमें से सभी

The functions of a commercial bank include(s)

(A) Accepting deposits
(B) Granting of loans
(C) Locker facility
(D) All of these

92- बीमा का मूलभूत उद्देश्य होता है

(A) लाभ कमाना
(B) क्षतिपूर्ति
(C) विनियोग
(D) इनमें से कोई नहीं

StudyRaw.Com

The basic purpose of insurance is

(A) Earning profit
(B) Indemnity
(C) Investment
(D) None of these

93- कच्चा अथवा तैयार माल सुरक्षित रखा जाता है

(A) बैंक में
(B) बीमा कम्पनी में
(C) भण्डारगृह में
(D) इनमें से कोई नहीं

Raw materials or finished goods are kept safe in

(A) Bank
(B) Insurance Company
(C) Warehouse
(D) None of these

94- भारत में इंटरनेट का उपयोग होता है

(A) व्यवसाय में
(B) विश्वविद्यालयों में
(C) पुस्तकालयों में
(D) इनमें से सभी जगह में

In India, internet is used

(A) In business
(B) In universities
(C) In libraries
(D) In all of these places

95- निम्नलिखित में से कौन परिवहन का साधन है ?

(A) जल परिवहन
(B) थल परिवहन
(C) वायु परिवहन
(D) इनमें से सभी

Which of the following is/are the mean(s) of transport?

(A) Water transport
(B) Land transport
(C) Air transport
(D) All of these

StudyRaw.Com

96- निम्नलिखित में से कौन सफल व्यापारी का गुण है ?

(A) प्रभावी व्यक्तित्व (B) ईमानदारी

(C) परिश्रमी (D) इनमें से सभी

Which of the following is/are the merit(s) of a successful businessman?

(A) Effective personality (B) Honesty

(C) Laborious (D) All of these

97- थोक व्यापारी माल बेचते हैं

(A) सीधे उपभोक्ता को (B) फुटकर व्यापारियों को

(C) उपभोक्ताओं को डाक के द्वारा (D) इनमें से कोई नहीं

Wholesalers sell goods to

(A) Directly to consumers (B) Retailers

(C) Consumers through post (D) None of these

98- भारत और रूस के मध्य होने वाला व्यापार कहलाता है

(A) देशी व्यापार (B) विदेशी व्यापार

(C) स्थानीय व्यापार (D) अन्तर्राज्यीय व्यापार

The trade between India and Russia is called

(A) Home trade (B) Foreign trade

(C) Local trade (D) Inter-state trade

99- व्यवसाय के क्षेत्र में भारत में सर्वाधिक संख्या है

(A) निर्माताओं की (B) फुटकर व्यापारियों की

(C) थोक व्यापारियों की (D) उत्पादकों की

StudyRaw.Com

In the business field the maximum number in India is of

(A) Manufacturers (B) Retailers

(C) Wholesalers (D) Producers

100-भारत के किस बैंक को 'शीर्ष बैंक' (Apex Bank) के नाम से जाना जाता है ?

(A) SBI (B) BOI

(C) RBI (D) PNB

Which bank is known as 'Apex Bank' of India?

(A) SBI (B) BOI

(C) RBI (D) PNB

## खण्ड – ब / SECTION-B

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 15 x 2 = 30

Question Nos. 1 to 30 are Short Answer Type. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. 15 x 2 = 30

1- व्यवसाय की कोई दो विशेषताएँ बतायें। 2

State any two features of business.

2- साझेदारी एवं एकाकी व्यापार में दो अन्तर बतायें। 2

State any two differences between partnership and sole trade.

3- स्व–रोजगार क्या है ? 2

What is self-employment?

4- उद्योंगों के विभिन्न प्रकार लिखें। 2

Write the various types of industries.



StudyRaw.Com

5- व्यावसायिक बैंकों के मुख्य कार्यों को बतायें।  2

State the main functions of commercial banks.

6- विभिन्न डाक सेवाओं के नाम बतायें।  2

Name different postal services.

7- परिवहन के दो लाभ बतायें।  2

State two advantages of transport.

8- थोक व्यापारी एवं खुदरा व्यापारी में प्रमुख दो अन्तर को लिखें  2

Write any two main differences between wholesaler and retailer.

9- कितने प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से ₹7,500 के मूलधन पर 5 वर्षों में ₹10,500 हो जायेगा ?  2

At what rate of percent of simple interest ₹7,500 will amount to ₹10,500 in 5 years?

10-128.93546 को दशमलव के 3 अंकों तक शुद्ध व्यक्त करें।  2

Express 128.93546 correct to 3 places of decimal.

11-800 लीटर दूध में 60% दूध तथा 40% पानी है तो दूध में पानी की मात्रा कितनी है ?  2

In 800 litre milk there is 60% milk and 40% water. Then what is the quantity of water in milk?

12-₹1,764 को A, B और C में 2:5:7 के अनुपात में विभाजित करें।  2

Divide ₹1,764 to A, B and C in the ratio of 2:5:7.

13-यदि एक वस्तु का मुल्य ₹65.50 है तो 975 वस्तुओं का मूल्य निकालें।  2

If the price of one article is ₹65.50, find the price of 975 articles.

14-एक खिलौना ₹400 में क्रय किया गया और ₹200 में विक्रय हुआ तो हानि का प्रतिशत क्या होगा ?  2

A toy was purchased at ₹400 and sold at ₹200, then what will be the percentage of loss?



StudyRaw.Com

15-5% की दर से ₹22,220 पर दलाली निकालें। 2

Calculate brokerage on ₹22,220 @ 2%.

16-एक ₹1,500 की वस्तु 20% तथा 15% के क्रमानुसार बट्टे पर विक्रय हेतु प्रस्तावित है तो वस्तु का विक्रय मूल्य निकालें। 2

An item is offered for sale at ₹1,500 less successive discounts of 20% and 15%. Find the sale price of this item.

17-लेखांकन क्या है ? 2

What is accounting?

18-डेबिट तथा क्रेडिट का नियम बतायें (पारम्परिक दृष्टिकोण)। 2

State the rules of debit and credit (Traditional Approach).

19-किन्हीं दो चालू सम्पत्तियों एवं चालू दायित्वों के नाम बतायें। 2

State any two names of current assets and Current liabilities.

20-दायित्व से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you mean by liabilities?

21-खाता बही का नमूना दीजिए। 2

Give the specimen of Ledger.

22-₹2,00,000 से नकद से व्यापर प्रारंभ किया, रोजनामचे की प्रविष्टि करें। 2

Pass Journal entries of a business started with cash ₹2,00,000.

23-व्यापारिक खाता बनाने के क्या उद्देश्य हैं ? 2

What are the objectives of preparing trading account?

StudyRaw.Com

24-विनिमय बिल के तीन पक्षों को लिखें। 2

Write three parties of Bill of Exchange.

25-संयुक्त पूँजी कम्पनी के दो गुण बतायें। 2

State two merits of Joint Stock Company.

26-लाभ एवं हानि खाता क्या है ? 2

What is profit and loss account?

27-रोकड़ बही का नमूना दीजिए। 2

Give the specimen of Cash Book.

28-दो खाने वाली रोकड़ बही से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by two-column cash book?

29-व्यक्तिगत खाता किसे कहते हैं ? उदाहरण दें। 2

What is personal account? Give example.

30-आर्थिक चिट्ठा में लिखी जाने वाली चार मदों के नाम लिखें। 2

Write the name of four items to be written in the Balance Sheet.

StudyRaw.Com

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 31 और 38 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है। 4 x 5 = 20

Question Nos. 31 and 38 are Long Answer Type. Answer any four questions. Each question carries 5 marks. 4 x 5 = 20

31-बड़े पैमाने के फुटकर व्यापार की कोई पाँच विशेषताओं का उल्लेख करें। 5

Explain any five characteristics of Retail Trade on large scale.

32-व्यापार से क्या आशय है ? व्यापार के विभिन्न प्रकार कौन–कौन से हैं ? 5

What is meant by trade? What are various types of trade?

33-एक व्यक्ति एक टी०वी० सेट ₹3,100 में खरीदता है और इस पर ₹100 उपरिव्यय के रूप में व्यय करता है उसने इसे ₹4,000 में बेच दिया। उसके लाभ का प्रतिशत बतायें। 5

A person purchases a T. V. set for ₹3,100 and incurs ₹100 as overhead expenses on that set. He sold it for ₹4000. Find his percentage gain.

34-राम, श्याम और मोहन 5 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ का विभाजन करते हैं तथा ₹40,000 की पूँजी से व्यवसाय प्रारंभ करते हैं। ₹20,400 के लाभ में उनका हिस्सा बतायें। 5

Ram, Shyam and Mohan share the profits in ratio 5:4:1 and start business with a capital of ₹40,000. Calculate their share in a profits of ₹20,400.

35-रोकड़ बही क्या है ? यह कितने प्रकार की होती है ? स्पष्ट करें। 5

What is a Cash Book? How many types are there? Explain.

StudyRaw.Com

36-संदीप के रोजनामचे में निम्न व्यवहारों की प्रविष्टियाँ कीजिए :— 5

| 2025 | | ₹ |
|---|---|---|
| जनवरी 1 | संदीप ने नकद से व्यापार प्रारंभ किया | 2,00,000 |
| जनवरी 5 | बैंक में रोकड़ जमा की | 50,000 |
| जनवरी 10 | अमर को नकद माल बेचा | 70,000 |
| जनवरी 15 | ब्याज प्राप्त हुआ | 6,000 |
| जनवरी 20 | नकद फर्नीचर खरीदा | 8,000 |

Enter the following transactions in Journal of Sandeep :-

| 2025 | | ₹ |
|---|---|---|
| Jan.1 | Sandeep started business with cash | 2,00,000 |
| Jan.5 | Cash deposited into Bank | 50,000 |
| Jan.10 | Sold goods to Amar for cash | 70,000 |
| Jan.15 | Received Interest | 6,000 |
| Jan.20 | Purchased furniture for cash | 8,000 |

37-निम्नलिखित सूचनाओं से सकल लाभ की गणना करें :— 5

विक्रय — ₹80,000, विक्रय वापसी — ₹10,000, क्रय — ₹25,000,

अंतिम स्टॉक — ₹2,500, प्रारम्भिक स्टॉक — ₹7,000, मजदूरी — ₹5,000.

From the following informations, calculate gross profit:-

Sales - ₹80,000, Sales Returns - ₹10,000, Purchases- ₹25,000,

Closing stock - ₹2,500, Opening stock - ₹7,000, Wages - ₹5,000.

38-सम्पत्तियों से आप क्या समझते हैं ? इसके विभिन्न प्रकारों की व्याख्या करें। 5

What do you understand by assets? Explain its various types.

StudyRaw.Com